प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 03.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।




आज दिनांक- 03.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में किया गया जागरुक-

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान "मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान" चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 03.12.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कालेज/बीट/गांव आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला एवं चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा "मिशन शक्ति फेज-05" के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।







प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 03.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम ने 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 02.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा श्री अर्जुन सिंह के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई।

उ0नि0 गौरव चौबे के नेतृत्व में प्रथम पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 392/24 धारा 137(2)/87/64(1) BNS व धारा 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त महेन्द्र रजक पुत्र श्रीराम उम्र 19 वर्ष मूल निवासी ग्राम हनौता पटकुई थाना व पोस्ट बंडा जनपद सागर म0प्र0 को प्रेमनगर महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

इसी क्रम में उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 469/24 धारा 137(2) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त रीकेन्द्र यादव पुत्र कृष्ण कुमार यादव उम्र 18 वर्ष निवासी मगरौठ थाना राठ जनपद हमीरपुर को रोडवेज बस अड्डे के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1. महेन्द्र रजक पुत्र श्रीराम उम्र 19 वर्ष मूल निवासी ग्राम हनौता पटकुई थाना व पोस्ट बंडा जनपद सागर म0प्र0
2. रीकेन्द्र यादव पुत्र कृष्ण कुमार यादव उम्र 18 वर्ष निवासी मगरौठ थाना राठ जनपद हमीरपुर

### गिरफ्तार करने वाली प्रथम पुलिस टीम-

1. उ0नि0 गौरव चौबे चौकी प्रभारी बजरिया
2. कां0 आमिर खान 3. म0कां0 आभा सोनी

### गिरफ्तार करने वाली द्वितीय पुलिस टीम-

1. उ0न0 सुजीत कुमार जायसवाल चौकी प्रभारी भटीपुरा
2. का0 कुबेर सिंह 3. म0कां0 बविता पाल






## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वारण्टी एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 02.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गुरूप्रसाद पुत्र हीरालाल उम्र 65 वर्ष निवासी कालीमाता का मंदिर मो0 भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा सम्बन्धित सी0पी0नं0 42/18 धारा 448/352/504/506 भादवि में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को मो0 भटीपुरा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल चौकी प्रभारी भटीपुरा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

गुरूप्रसाद पुत्र हीरालाल उम्र 65 वर्ष निवासी कालीमाता का मंदिर मो0 भटीपुरा थाना कोतवालीनगर जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 03.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 03.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी श्री गुलाब त्रिपाठी द्वारा गठित की गई उ0नि0 दिनेश कुमार यादव मय हमराह का0 हंसराज के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 315/24 धारा 331(3)/305(a) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त वीरेन्द्र सोनकिया पुत्र स्व0 बाबू सोनकिया उम्र करीब 60 वर्ष निवासी ग्राम बैंदो थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी किया हुआ 3000/- रूपये बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी किया गया । बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

वीरेन्द्र सोनकिया पुत्र स्व0 बाबू सोनकिया उम्र करीब 60 वर्ष निवासी ग्राम बैंदो थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 दिनेश कुमार यादव
2. का0 हंसराज

